**बिहार सरकार**
**गृह विभाग**
**(आरक्षी शाखा)**

# संकल्प

**विषय :–** **बिहार अग्निशमन सेवा के लिए Uniform, Formation Sign (insignia), Badges Of rank, Peak Cap, Collar Patches आदि का निर्धारण किए जाने के संबंध में।**

बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली, 2021 (संशोधन नियमावली, 2022) के आलोक में गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना के स्वीकृत्यादेश सं0–9358, दिनांक–14.09.2022 द्वारा बिहार अग्निशमन सेवा के अन्तर्गत राजपत्रित/अराजपत्रित कोटि एवं गैर संवर्गीय पद का सृजन किया गया है। इस क्रम में महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना के पत्रांक–5449, दिनांक–19.04.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि बिहार अग्निशमन सेवा के पदाधिकारी एवं कर्मी राज्य पुलिस के अनुरूप वर्दी का धारण कर रहे हैं। बिहार अग्निशमन सेवा में नवसृजित राजपत्रित/अराजपत्रित कोटि के पदों के लिए Formation Sign (insignia), Uniform एवं Badges of rank आदि पूर्व से निर्धारित नहीं रहने के कारण बिहार अग्निशमन सेवा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए Uniform, Formation Sign (insignia), Badges Of rank, Peak Cap, Collar Patches आदि का निर्धारण निम्न रूपेण किया जाता है :–

1. बिहार अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी Shoulder Badges पर विभागीय पहचान के लिए अंग्रेजी में 'B.F.S' या हिन्दी में 'बि0अ0से0' नाम के Badges धारण करने के लिए स्वतंत्र होंगे।
2. बिहार अग्निशमन सेवा के राजपत्रित पदाधिकारी/अराजपत्रित पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए Formation Sign (insignia) के आकार को बिहार पुलिस के insignia के आकार जैसा रखते हुए, इसका Background Colour Red एवं इसपर बिहार अग्निशमन सेवा एवं विभागीय स्लोगन "त्राणाय सेवा महे" देवनागरी (हिन्दी) में बिहार राज्य के प्रतीक चिन्ह बरगद का पेड़ का चित्र अंकित रहेगा तथा इसका रंग Golden Colour होगा।
3. बिहार अग्निशमन सेवा में सभी पदाधिकारी/कर्मी का वर्दी खाकी (शर्ट एवं पैंट) होगा।
4. बिहार अग्निशमन सेवा के सभी पदीय संरचनाओं के लिए Maltese Cross में आधारित Badges का डिजाईन का निर्धारण किया गया है (माल्टीज क्रॉस को दुनिया भर में अग्नि सेवा के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। माल्टीज क्रॉस सुरक्षा साहस और सम्मान का प्रतीक है। इस प्रतीक का मतलब यह है कि जो अग्निक इस क्रॉस को धारण करता है, वो जन सुरक्षा के लिए अपनी जान देने को तैयार है)। इस Badges को पदाधिकारी/कर्मी कमीज के दाहिने तरफ Name Plate के ऊपर धारण करेगें।

5. बिहार अग्निशमन सेवा में सभी पदाधिकारियों/कर्मियों के Belt एवं Cap के बैच का डिजाईन एकरूप होगा।
6. बिहार अग्निशमन सेवा के सभी कर्मी Fire Fighter/Fire Driver बैज अंग्रेजी में बाएँ बाँह पर तथा हिन्दी (देवनागरी) में अग्निक/अग्निक चालक बैच दाहिने बाँह पर धारण करेगें।

7. बिहार अग्निशमन सेवा में सभी पदाधिकारी/कर्मी के पहचान पत्र में एकरूपता के लिए विभागीय स्तर पर Unique Id No. के साथ पहचान पत्र तैयार कर निर्गत किया जाएगा।

आदेश – **आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाए।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–

**(किरण माला पँवरिया)**

सरकार के अवर सचिव

**ज्ञापांक**:–10/अग्नि0से0–01–07/2024................................/पटना, दिनांक अक्टूबर 2024

**प्रतिलिपि**:–महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (ई–गजट कोषांग), बिहार, पटना को सी0डी0 सहित बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अवर सचिव

ई–मेल

**ज्ञापांक**:–10/अग्नि0से0–01–07/2024................................/पटना, दिनांक अक्टूबर 2024

**प्रतिलिपि**:–सरकार के सभी विभाग, बिहार, पटना/सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना/सचिव, राज्यपाल कार्यालय, बिहार, पटना/मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अवर सचिव

ई–मेल

**ज्ञापांक**:–10/अग्नि0से0–01–07/2024................................/पटना, दिनांक अक्टूबर 2024

**प्रतिलिपि**:–पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी जिला अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार/सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अवर सचिव

**ज्ञापांक**:–10/अग्नि0से0–01–07/2024................................/पटना, दिनांक अक्टूबर 2024

**प्रतिलिपि** :–प्रधान सचिव, गृह विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, गृह विभाग के आशुलिपिक/सभी पदाधिकारी, गृह विभाग (आरक्षी शाखा) एवं (विशेष शाखा) बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अवर सचिव

**ज्ञापांक**:–10/अग्नि0से0–01–07/2024......12575......../पटना, दिनांक 23 अक्टूबर 2024

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 प्रबंधक, गृह विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

23/10/24

सरकार के अवर सचिव